श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थनिक क्षेत्र
नई दिल्ली-110016

क्रमांक: 21(10)/एल.बी.एन.एस.यू/हिन्दी.रा.भा./2020-21/401. दिनांक 06.06.2025

## कार्यालय आदेश

राजभाषा विभाग की स्थापना के स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्व होने के उपलक्ष्य में वॉकेथॉन-रन फॉर फन प्रतियोगिता दिनांक 15 जून, 2025 (रविवार), समय प्रातः 06:30 बजे (रिपोर्टिंग टाइम), स्थान जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम के गेट नंबर 1, नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। (वॉकेथॉन-रन फॉर फन प्रतियोगिता का विवरण सलग्न है)

विश्वविद्यालय के इच्छुक गैर-शैक्षणिक कर्मचारी वॉकेथॉन-रन फॉर फन प्रतियोगिता हेतु अपना पंजीकरण राजभाषा विभाग की वेबसाइट (www.rajbhasha.gov.in) पर दिए गए लिंक https://164.100.54.224/run/#noback पर दिनांक 10 जून, 2025 तक करने के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित वॉकेथॉन-रन फॉर फन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले गैर-शैक्षणिक कर्मचारी को यातायात भत्ते का भुगतान सरकारी नियमानुसार विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जाता है।

सहायक कुलसचिव (हिंदी राजभाषा प्रकोष्ठ)

प्रतिलिपि :-

1. समस्त गैर-शैक्षणिक कर्मचारी
2. उप-कुलसचिव (लेखा एवं विकास)
3. विशेषाकार्याधिकारी कुलपति कार्यालय
4. जनसम्पर्क अधिकारी
5. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित है कि इस कार्यालय आदेश को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करें तथा समस्त गैर-शैक्षणिक कर्मचारी को व्हाट्सएप्प के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।
6. कुलपति के निजी सचिव
7. कुलसचिव/वित्ताधिकारी के निजी सचिव
8. सम्बन्धित पत्रावली

सहायक कुलसचिव (हिंदी राजभाषा प्रकोष्ठ)

फा. सं 12016/05/2025- रा.भा (का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एनडीसीसी -II भवन, नई दिल्ली
**दिनांक: 21.05.2025**

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय :"राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती" समारोह के अवसर पर आयोजित की जाने वाली वॉकेथॉन- रन फॉर फन (प्रतियोगिता) के संबंध में।**

कृपया दिनांक 17.04.2025 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन का संदर्भ लें।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में "**राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती**" समारोह का आयोजन नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 26 जून, 2025 को किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में दिनांक **15 जून 2025** को **वॉकेथॉन - रन फॉर फन (प्रतियोगिता)** आयोजित की जानी है।

2. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ना केवल स्वास्थ्य और फिट्नेस को बढ़ावा देना है बल्कि हमारी संस्कृति एवं राजभाषा के प्रति जागरूकता और उत्साह को भी बढ़ावा देना है।

3. प्रतियोगिता से संबंधित विशेष विवरण:

i. **मार्ग**- यह वॉकेथॉन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के गेट नंबर 1 से शुरू हो कर ठीक वहीं समाप्त होगी।

ii. **व्यवस्था** –वॉकेथॉन से जुड़ी व्यवस्थाएँ जैसे रिहाईड्रेशन की वस्तुएँ, दवाई, पानी आदि एवं अन्य व्यवस्थाएँ की जाएंगी।

iii. **पुरस्कार**- निम्न तीन श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे
प्रथम श्रेणी -प्रोफेशनल धावक,
द्वितीय श्रेणी - राजभाषा संवर्ग से जुड़े कार्मिक
तीसरी श्रेणी – उपरोक्त दो के अतिरिक्त अन्य सभी प्रतिभागी।

4. प्रत्येक श्रेणी में वॉकेथॉन पूरा करने वाले प्रथम 3 विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे एवं चौथे, पाँचवे एवं छठे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही जो भी प्रतिभागी इस वॉकेथॉन को पूरा करेगा उसे प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

5. वॉकेथॉन से जुड़े अन्य विवरण:
- तारीख – 15 जून 2025 (रविवार)
- समय – प्रातः 6:30 बजे (रिपोर्टिंग टाइम)
- स्थान- जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के गेट नंबर 1, नई दिल्ली।
- इस वॉकेथॉन की सीमा लगभग 05 कि.मी होगी।

6. सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों/ नराकासों एवं राजभाषा से जुड़े सभी संस्थानों/संगठनों से यह अपेक्षा है कि वे अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाएं। इस संबंध में सभी प्रतिभागी अपना पंजीकरण राजभाषा विभाग की वेबसाईट पर **https://164.100.54.224/run/#noback** पर दिनांक 10 जून 2025 तक करें। अन्य किसी भी जानकारी के लिए **ले. कर्नल मनीष कुमार सिंह, निदेशक** (रा.भा), नागर विमानन मंत्रालय से संपर्क (**9410141509**) कर सकते हैं।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव (का.)
दूरभाष : 011-23438143